## सार-समाचार

### आहोर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**आहोर**, (निसं)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आहोर शहर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोमवार को प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन शहर में स्थित चामुंडा माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली। केसरिया साफा में सज-धज कर आए युवा शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे। नगरपालिका चेयरमैन सुजाराम प्रजापत इन युवा टोली का नेतृत्व करते नजर आए। ढोल धमाके के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बडी संख्या में शहर के लोग शामिल हुए। इसके साथ ही शहर में सत्यनारायण मंदिर, मेघवालों का वास में रामदेव मंदिर, पंचायत समिति परिसर सहित कई जगह प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया। सीधा प्रसारण की जगह श्रीराम की बडी बडी तस्वीरें लगाई गई थी, जहां आने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर प्रसादी ग्रहण की। प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर के सभी मंदिरों में सजावट कर रातभर भजन कीर्तन किया गया। इस बीच पूरा शहर रामलला के जश्न में डूबा नजर आया। प्रधानमंत्री की ओर से भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करने के बाद शहर में जमकर आतिशबाजी की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारी चाक चौबंद रहे। एसडीएम कुसुमलता चौहान, तहसीलदार हितेष त्रिवेदी, डीएसपी मुकेश चौधरी व आहोर थानाधिकारी चंपालाल ने व्यवस्थाओं पर बराबर नजर लगाए रखी।

### तीर्थ पर स्वच्छता रखने का संदेश दिया

**बालोतरा**, (निसं)। द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब इंडिया डिस्ट्रिक्ट तीन सो तेईस ई टू के वी क्लब बालोतरा जसोल की सचिव श्वेता सालेचा ने बताया की हमारा भारत तीर्थो का देश है। जहां जाकर मानव सुख शांति और सुकून का अनुभव करता हैं पर आज की भागम भाग वाली जिंदगी में इंसान संस्कारों को और नैतिकता को भूलता जा रहा है जिसके रहते उनका अ नितिक आचरण तीर्थ को गंदा कर रहा है। कोई भी कचरा या कूडा करकट यहां वहां फेक तीर्थ की स्वच्छता को भंग कर रहा है ऐसे में वि क्लब में उठाया एक स्वस्थ अभियान का कदम जिसमें सभी मेंबर्स ने तीर्थ की सफाई कर जनता को यह संदेश दिया है की तीर्थ की स्वस्थ था से हमारी शोभा और आगे बढती है तो हमें उन्हें गंदा ना कर कर स्वच्छ रख मानवता को जिंदा रखते हुए तीर्थ की सुरक्षा और स्वच्छता का जिम्मा लेना चाहिए। सभी? मेंबर्स ने ऐक्टिव हो एक मानवता के बीच आदर्श प्रस्तुत किया और ऊंची उडान भर वी क्लब खुशी का अनुभव कर रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम में चार्टर्ड ऋतु जिंदल, अध्यक्ष राखी सुख नानी, उपाध्यक्ष शोभा कोठारी, सचिव श्वेता सालेचा, कोषाध्यक्ष भावना गोगर, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रेणु चौधरी, चेयरपर्सन खुशबु, मधु, अनीता, संतोष जिंदल, लता बोकडयि, आदि सदस्यों ने बढ चढकर भाग लिया। सभी सदस्यों द्वारा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट दुर्गेश माथुर के सपने चलो शिखर की और को पूरा करने में एक और सफल कदम बढाया।

### छात्रा लक्षिता चौधरी खो-खो टीम में

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा शहर के डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय बालोतरा की बीएससी अंतिम वर्ष में अध्यनरत छात्रा लक्षिता चौधरी का चयन जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर खो-खो टीम पश्चिम क्षेत्र इंटरयूनिवर्सिटी के लिए हुआ है। जेएनवीयू पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष भूगोल विभाग दुर्ग सिंह राजपुरोहित ने बताया की लक्षिता चौधरी डीआरजे कन्या महाविद्यालय की प्रथम छात्रा है जिसका चयन हुआ है और खुशी व्यक्त कर बताया की पश्चिम क्षेत्र इंटरयूनिवर्सिटी खो-खो प्रतियोगिता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश में 24 से 27 जनवरी तक आयोजित होंगी। सोमवार को पूरी टीम जोधपुर से मध्य प्रदेश भाग लेने के लिए रवाना हुई। लक्षिता चौधरी महाविद्यालय में हमेशा खेलकूद गतिविधियों मे अग्रणी भूमिका निभाने में आगे रही है, इसी के बदौलत उसका इस खेल में चयन हुआ है। राजपुरोहित ने बताया कि निरंतर मेहनत और लगन से मुश्किल लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। लक्षिता चौधरी के साथ डीआरजे कन्या महाविद्यालय की एक और छात्रा अनिता चौधरी का भी चयन खो खो टीम में हुआ है।

### बांठिया ट्रस्ट ने चाय पिलाई

**बालोतरा**, (निसं)। श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आनंद महोत्सव को लेकर शहर में विधुत विभाग कार्यालय के आगे चाय की कैंटीन लगाकर आमजन को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर चाय केंटीन का शुभारंभ पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी व राष्टीय स्वयंसेवक संघ के जिला सरचालक डॉ जी आर भील ने फीता काटकर किया। उन्होंने ने बताया कि राजकीय जिला नाहटा अस्पताल में भर्ती मरीजों को चाय व बिस्किट देकर जल्द स्वस्थ होने की कामना की।बांठिया कहा कि कैंटीन का केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, सभापति सुमित्रा देवी जैन ने अवलोकन कर सेवा कार्य की सहराना करते हुए ट्रस्ट के धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान भरत बांठिया, मदन प्रजापत, सजय छाजेड़, पार्षद पुष्पराज चौपड़ा, हनुमान पालीवाल, रोहित जैन, सवाई सुथार, कांतिलाल हुण्डिया, नगराज प्रजापत, रमेश पुरी, हीरालाल गोयल, सुनील वैष्णव,अमरराम सुन्देशा, मोतीलाल जैन, नेमाराम बारूपाल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अरूण सालेसा, महिपाल सिंह करनोत, महेन्द्रसिह गोलिया सहित ट्रस्ट एव भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बुरारी खेड़ा में निकाली कलश यात्रा

**रेवदर**, (निसं)। अयोध्या में राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आबू की गोदी में स्थित बुरारी खेड़ा गांव में निकाली कलश यात्रा, गांव के हनुमान जी मन्दिर प्रांगण से 51 कलशों के साथ गांव के मुख्य चौराहों व गलियों से होते हुए गोगाजी मंदिर व कुंडेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची, कलश यात्रा में ढोल व डीजे पर पर थिरके रामभक्त,सैकडों की संख्या में ग्रामीणों ने लिया हिस्सा, छोटे छोटे बच्चों के हाथों में भगवा ध्वज व केसरी ध्वज को लहराते हुए दिखे, ग्रामीणों ने कलश यात्रा के बाद हनुमान मंदिर पहुंचकर टीवी के माध्यम से अयोध्या में राम मन्दिर प्रतिष्ठा की लाइव दर्शन किए। इस मौके पर कारसेवक राजू भाई सोनी, संत भंवरदास, भगवानाराम, रूपाराम लक्ष्मण,फगाराम, हिमाराम सहित सैंकडों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संयमित दिनचर्या का महत्व बताया

**बाप**, (निसं)। सीमाजन कल्याण समिति जिला फलोदी तहसील बाप द्वारा 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन पर बाप नगर के शतायु 102 वर्षीय तुलसीराम पालीवाल सारण व शतायु पार्वती देवी खत्री बिछड़ा के निवास जाकर उनको अभिनन्दन पत्र देकर शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। संत त्याग मूर्ति ने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों व पूर्वजों की आयु हजारों वर्ष हुआ करती थी। उनका जीवन संयमित होता था। हर प्रकार से नियमों का पालन करने से हमारी उम्र भी बढ़ सकती है। प्रभु स्मरण से भी जीवन निखरता है। इस दौरान वैदिक मंत्र बोलकर स्वस्थ रहने व उज्वजल भविष्य की कामना की गई। जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने बताया कि आज से शतायु अभिनन्दन अभियान प्रारम्भ हुआ है जो आगे भी जारी रहेगा। संत राजाराम दासुडी ने भी आशीर्वाद दिया। तहसील अध्यक्ष मांगीलाल सियाड़, मूलचन्द पालीवाल, सांगीदान, दिलीप भाटी, ओम राठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष तिलोक राठी, एडवोकेट मदन शर्मा, धूड़चन्द आदि उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम दक्षिण की ओर शुरू किया गया विशेष अभियान सोमवार को भी जारी रहा । अभियान के दौरान फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त करने और जुर्माना राशि वसूलने की कार्रवाई की गई। आयुक्त दक्षिण टी शुभमंगला ने बताया कि सोमवार को लूणी पंचायत समिति से नहर चौराहा, रेलवे स्टेशन से महात्मा गांधी हॉस्पिटल, बाहरवी रोड चौराहे से दल्ले खां की चक्की होते हुए पाली रोड, पावटा रोड, आखलिया चौराहे से जूना खेड़ापति मंदिर , बनाड़ रोड तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया और 46 चालान काटकर 4600 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। वहीं एयरपोर्ट से डीपीएस चौराहा, सारण नगर बनाड़ रोड तक विशेष अभियान चलाते हुए 15 आवारा पशुओं को पकड़कर नांदड़ी गौशाला पहुंचाया गया। आयुक्त ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**जालोर**, (कासं)। सिन्धी समाज ने 21 जनवरी को सिंधी सपूत अमर शहीद हेमू कालाणी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा की। वक्ताओं ने अमर शहीद सिंधी सपूत हेमू कालाणी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और देश भक्ति गीत गाकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# भगवान राम के भक्तों ने जश्न मनाया, हनुमान चालीसा का पाठ किया, आरती कर प्रसाद बांटा



भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जालोर में लोगों ने खुशी जताई। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर नगर परिषद् में श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव प्रसारण दिखाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर सहित जिलेभर में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण अयोध्या से टीवी पर लोगो ने देखा। सोमवार को आधे दिन सभी कार्यालय व स्कूलें बंद होने से शहर के विभिन्न चौराहों पर राम भक्तों ने जश्न मनाया।

जालोर शहर के हरिदेव जोशी सर्किल, हास्पीटल चौराहा, सूरज पोल, आहोर चौराहा, नया बस स्टेण्ड व पुराना बस स्टेण्ड, शहर के भीतर बाजार में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तो में उत्साह देखने को मिला। रामभक्तो ने मंदिरो में पूजा अर्चना कर खुशी का इजहार किया। वही निर्धारित समय पर प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होने पर शहर के विभिन्न मंदिरो व चौराहो पर पटाखे की आतिशबाजी से फिजा भी राम भक्ति में झुम उठी। भगवान श्रीराम के नारे से पूरा माहौल धर्ममय नजर आया। वही भक्तो ने एक दूसरे को प्रतिष्ठा महोत्सव की बधाईया दी। इसके साथ ही युवाओं की टोलियो ने भगवा साफा पहने हाथ में केसरिया पताका लिये वाहन रैलिया निकाली। जालोर शहर पुरा राममय नजर आया। वही भक्तो की आस्था देखते ही बनती नजर आ रही थी। जय श्रीराम के जयकारो से फिजा भी गुंजयमान हो उठी। भगवान श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर अपार खुशी देखने को मिली। वही शहर में बनाई सेल्फी पोईन्टो पर भी लोगो की भीड़ देखी गई। शाम को शहर के विभिन्न मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना व आरती का आयोजन किया गया। वही रात्रि को भजन संध्या में भक्तजन रामभक्ति में नजर आये।

### 500 वर्ष पुराना सपना साकार : गर्ग

अयोध्या में आयोजित श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर परिषद परिसर जालोर में बडी एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ जिसमें राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलैक्टर निशान्त जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व नगर परिषद परिसर में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने श्रीराम की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए तथा श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव प्रसारण देखा। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होने पर आज पूरे भारतवर्ष का 500 वर्ष पुराना सपना साकार हुआ है तथा हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि जो इस गौरवमयी पल के साक्षी बन सकें। उन्होंने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए रामराज्य की शुरूआत बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है, भारत विश्वगुरू बनने की ओर से अग्रसर है तथा इसी दिशा में सम्पूर्ण विश्व में भारत अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने सभी रामभक्तों के त्याग, बलिदान व शौर्य को नमन करते हुए कहा कि इनके साहस व समर्पण की वजह से आज हम यह शुभ दिन के साक्षी बन सके हैं।

इस अवसर पर पूर्व विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल, नगर परिषद सभापति गोविन्द टांक, उप सभापति अम्बालाल व्यास, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंवरलाल सोनी, नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार, नगर परिषद आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, नरेन्द्र परिहार, डिम्पल सिंह व केशव व्यास सहित अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर परिषद की ओर से शहरवासियों को प्रसाद के रूप में मिष्ठान का वितरण किया गया।

नगरपरिषद जालोर द्वारा मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण के साथ ही जालोर क्षेत्र में स्थित मंदिरों को सुन्दर रोशनी से सजाया गया है।

### धोरीमन्ना क्षेत्र में जागरण किया

**धोरीमन्ना संवाददाता के अनुसार :** धोरीमन्ना क्षेत्र के कई गांव के मंदिरों में रात भर जागरण का आयोजन हुआ। अपने-अपने घरों को ध्वज तोरण लगाकर सजाया गया है। घर घर मिठाइयां बाट कर एक दूसरे को मुंह मीठा करवाया।

### रामभक्तों का भव्य स्वागत किया

धोरीमन्ना के होली चौक महेश्वरी भवन बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा व आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आलम महाराज के मंदिर में जागरण का आयोजन हुआ। ऐतिहासिक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ । नन्ही मुन्नी बालिकाओं द्वारा तिलक मौली मुंह मीठा करवा कर रामभक्तों का भव्य स्वागत हुआ भगवान रामचंद्र जी की स्मृति बाटी और एक दूसरे के गले में दुपट्टे डालकर राम भक्ति में नाचते रहे। श्री रामचंद्र जी के जयकारे लगाते रहे मुख्य चौराया।

बाडमेर रोड, सांचौर रोड, गुडामालानी रोड , मैन बाजार में रामलाला के जगह-जगह पोस्टर लगाए। पूरा धोरीमना सजाया हुआ व भगवा ही भगवा दिखा। छोटे बड़े वाहन ध्वज से पूरी तरह से सजा हुआ था। अपने अपने छोटे बडे प्रतिष्ठान ध्वज तोरण से सजाया हुआ था । इमरजेंसी को छोडकर तमाम प्रकार के बाजार धोरीमना में सफलतापूर्वक बंद रखी गई। धोरीमना के राम भक्तों की टोलियां द्वारा जगह-जगह नाश्ते श्रीराम के जयकारे लगाते हुऐ ।राम भक्तों ने अयोध्या के रूप में धोरीमना को बदल दिया।

### सांचौर नगर परिषद् लाइव प्रसारण

**सांचौर संवाददाता के अनुसार:** सांचौर नगर परिषद् के तत्वावधान में दरबार चौक स्थित परिसर में सोमवार को अयोध्या में हुए श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत, नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम चौधरी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश दवे, कनिष्ठ अभियंता हनुमान, मनोज, अवतार सिंह सहित कार्मिक एवं लोग उपस्थित रहे।

# मंदिरों को रोशनी से सजाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। अयोध्या में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जैसलमेर में उत्सव मनाया।

जैसलमेर जिले के कोने कोने में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पूरे उत्साह से मनाया गया। घर-घर दीपोत्सव मनाया गया। वहीं मंदिरों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हुए। हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ के साथ सुंदरकांड के पाठ हुए। शहर में जगह जगह आकर्षक लाइटिंग की गई । वहीं चौराहों को भगवा कपड़े से सजाया गया । पूरा माहौल राम मय हो चुका । राम भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जगह जगह बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। रामभक्तों ने पूरे कार्यक्रम को लाइव देखा। रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दिन बाजारों में भी दीपावली जैसी रौनक रही।

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में जिले भर में राजकीय एवं अराजकीय मंदिरों में विशेष सजावट, विद्युत रोशनी सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। उत्सव से पूर्व समस्त मंदिर परिसर में साफ सफाई की गई। साथ ही मंदिर परिसर में आकर्षक लाइटें लगाकर सजावट की गई। सोमवार शाम मंदिरों में दीपोत्सव भी मनाया गया। मंदिरों में सत्संग, सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ किया व अयोध्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, विशेष आरती एवं श्रृंगार, आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

जेठा पाड़ा के भक्तों ने हनुमान मंदिर परिसर में दीपमाला की, सुंदरकांड पाठ किया और महिला पुरूषों ने दीपक शर्मा के नेतृत्व में भगवान राम की आरती की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

**जोधपुर संवाददाता के अनुसार :** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति की गरिमामय उपस्थिति में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विश्वविद्यालय में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करोडों भारतवासियों की आस्था के प्रतीक भगवान श्रीराम का अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर विश्वविद्यालय के परिसर स्थित योग साधना एवं मंत्र चिकित्सा अध्ययन केन्द्र में 108 बार अखंड हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड का सामूहिक पाठ तथा आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग नेचुरोपैथी महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने 150 पादप विश्वविद्यालय को दान किये व पौधारोपण किया।

# जोधपुर में श्रीराम के जैकारें गूंजे, दीपक जलाए व पटाखे छोड़े

**जोधपुर**, (कासं)। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर पर मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही सूर्यनगरी राममयी हो गई। जोधपुर के कण कण में जय श्री राम की गूंज सुनाई दे रही थी।

शहर में घरों, धार्मिक स्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर जय श्रीराम के नारे गूंज ते रहे।सुंदर कांड, रामायण के पाठ और हवन यज्ञ करने के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। शहर को दिपावली की की तरह लाइटिंग से सजाया गया।

भदवासिया सब्जी मंडी में तो अलसुबह ही करीब एक से डेढ घंटे तक शानदार आतिशबाजी और भजनों के कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुराने शहर और शहर के विस्तार के साथ बसी नई कालोनियों, बस्तियों और व्यापारिक क्षेत्रों में भी आज सिर्फ रामनाम की गूंज बनीं रही।

शहर के ह्रदय स्थल जालोरी गेट चौराहे पर भी करीब आठ दस माह बाद आज फिर से भगवा झंडे लगाने का मौका श्रीराम भक्तों को लगा ।इस अवसर पर शहर विधायक अतुल भंसाली के नेतृत्व में आए कार्यकार्तोओं ने चौराहे के चारों तरफ ध्वज लगाने का काम किया।

सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन वो इन रामभक्तों को आज मना नहीं कर पाए।

### भदवासिया मंडी राम भक्ति से सरोबार

आज अलसुबह भदवासिया सब्जी मंडी में पांच बजे से ही भजन सभा का आयोजन किया गया जिसमें भजनों के बीच ही हजारों रामभक्तों ने जमकर आतिशबाजी की। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत और अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे।

नगर निगम दक्षिण की ओर से शहर के पावन और पवित्र धार्मिक स्थल गांधी मैदान में आज सुबह सामूहिक सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों रामभक्तों ने सुंदरकांड में भागीदारी निभाई। इसके साथ यहां पर भी एलईडी टीवी लगाकर लाइव प्रसारण दिखाया गया।

शहर के विभिन्न इलाकों से रामभक्तों ने आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यादगार बनाने के लिये शोभायात्राएं भी निकाली। एक विशाल शोभायात्रा शहर के मुख्य बाजार नई सडक़ क्षेत्र से सिरे बाजार क्षेत्र में निकाली गई। शोभायात्रा के शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुष्पवर्षा, जलपान और अल्पहार के साथ स्वागत भी किया।

### घण्टाघर में सजा राम दरबार

अयोध्या में कौशल्या नंदन भगवान श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को हर्ष उल्लास से मनाने के लिए हिन्दू सेवा मण्डल जोधपुर द्वारा दिपावली के रूप में बनाने के लिए घण्टाघर के प्रागण सायं 5.15 बजे - कार्यक्रम हो गए ।

भव्य समारोह 1 हजार एक सौ एक दिपक से महाआरती की गई ।राम वेश, गायन, नृत्य प्रतियोगिता का होगा आयोजन सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। जोधपुर के सेवाभावी लोगों को राम सेवा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर 251 किलो बुन्दी के लड्डू का भगवान को भोग लगाकर आमजन को वितरण किया गया।

### रामेश्वर में 11 हजार दीपक रोशन

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी जोधपुर में श्याम भक्ति सेवा संस्थान परिवार ने रामेश्वर सिद्ध पीठ धाम में दीपावली की तरह न केवल ग्यारह हजार दीयों से सजाया गया बल्कि रामलला की आरती भी पूरी श्रद्धा के साथ की गई।सोमेश्वर गिरी महाराज, प्रीति प्रियमवदा और शिक्षाविद डॉ जया दवे ने विधि विधान से राम लला की आरती की है। इस अवसर पर पूरे मंदिर को दीपक से सजाने के साथ रंगोली भी की गई। शाम होते ही घरों पर जगमगाहट शुरू हो। लाईटिंग के मामले में दीपावली से भी ज्यादा रोशनी की गई। शाम का अंधियारा घिरने से पहले ही पटाखों की गूंज सुनाई देनी शुरु हो गई। करीब पांच सौ मन्दिरों में दीपावली मनाई गई। अनेक स्थानों पर एल ईडी लगाकर अयोध्या कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया।

# जोराराम ने भगवान राम की प्रतिमा का अनावरण किया



पाली शहिर का लाखोटिया तालाब सवा लाख दीपक की रोशनी से जगमग हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत



पाली में विश्व हिंदू परिषद् ने सूरजपोल चौराहे पर हनुमान चालीसा पाठ किया। सांसद पी.पी. चौधरी, सभापति रेखा राकेश भाटी, हिंदू परिषद के एडवोकेट अशोक अरोड़ाखकिशन प्रजापत, विजय राज सोनी, हीरालाल, परमेश्वर जोशी आदि माजूद रहे। गायक दुर्गेश मारवाड़ी ने भजन पेश किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पशुपालन, डेयरी एवम देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने तखतगढ़ के जालोर चौराहे पर श्री राम की आदमकद मूर्ति का सोमवार को अनावरण किया।

नगर पालिका के तत्वावधान मे आयोजित प्रतिष्ठा कार्यकम में मंत्री कुमावत ने कहा कि देश ही नहीं विदेशों मे भी अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा म्होत्स्व की धूम हैं। भगवान राम हमारे आराध्य हैं। जब जब धर्म की हानि हुई भगवान ने प्रकट होकर धर्म की रक्षा की और अधर्मियों का नाश किया। आज भारत मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के दौरान अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बना हैं पूरा देश राममय हो गया । हर शहर, गांव में राम की महिमा गाई जा रही हैं । राम आदर्श एवन आज्ञाकारी पुरुष थे। हमे भी भगवान राम के आदर्शों का पालन कर धर्म , संस्कृति की रक्षा करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। अधर्म के रास्ता विनाश की और ले जाता हैं। भारत का महत्व दुनिया में बढ़ गया हैं। पहले हम विदेशों में क्या होता है देख रहे थे परन्तु आज दुनिया देख रही है कि भारत में क्या हो रहा हैं और मोदीजी क्या बोल रहे हैं। उन्होने मूर्ति के अनावरण से पूर्व यज्ञ में आहुतियां दी। मोदी जी को राम राम, मंत्री जी को राम राम के गगन भेदी नारों के बीच रामजी की आरती उतारी गई। कुमावत ने हनुमान मंदिर में के दर्शन किए एवम सफल आयोजन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवम स्टॉफ की सराहना की। मंत्री का साफा एवन माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित कई जने मौजूद रहें

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पाली शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में उत्साह की लहर है। पूरे शहर को दुल्हन की तरह केसरिया झंडियों से पाट दिया गया। पाली शहर के रघुनाथ जी मंदिर में सुबह माहेश्वरी समाज की ओर से 12:30 बजे भगवान की आरती क़र प्रसाद वितरण किया। इसी प्रकार अग्रवाल समाज द्वारा गोपीनाथ जी मंदिर में दोपहर 12:00 बजे आरती हुई। सूरजपाल चौधरियां के बास में दोपहर में सुंदरकांड पाठ और राम सीता दरबार कि झांकी सजाई। भेरू घाट राम भक्तों द्वारा बैंड बाजा के साथ भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली।

सर्राफा बाजार, धान मंडी, फतेहपुरियों की पोल आदि जगहों पर मीठा प्रसाद वितरण किया गया। गीता भवन में शाम 4:00 से बजे सुंदरकांड पाठ के बाद दीपोत्सव मनाया गया। जहां स्वामी प्रेमानंद जी स्वामी चिन्मय नंद महाराज के सानिध्य में राम उत्सव मनाया, भेरू घाट पर रात्रि में सैकड़ों दीपक जलाए गए।

सिंधी कॉलोनी, रामदेव रोड, बापू नगर विस्तार, टैगोर नगर, स्टेशन एरिया क्षेत्र में भी कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कृष्ण विद्या मंदिर द्वारा राम सीता हनुमान वानर सेना बनाकर जुलूस निकाला गया।

पूरा शहर राममय हो गया बच्चे टोलियें बनाकर केसरिया झंडा लेकर गली गली में घूमते नजर आए।

**सायला संवाददाता के अनुसार :** जालोर जिले में सायला के निकटवर्ती धनाणी गांव में सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ वेला में आम चौक पर प्रभु श्रीराम की अष्ठ धातु की प्रतिमा स्थापित करने के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में 36 कौम के लोगो ने उत्साह के साथ भाग लिया।

इस दौरान महंत गोपाल भारती, ठाकुर दीपसिंह, शैतानसिंह, मोड़सिंह राजपुरोहित, प्रागाराम मेघवाल, सुमेराराम वाल्मीकि, जोधाराम भील, मसराराम माली, हीराराम चौधरी, वसनाराम देवासी, मंगलाराम लुहार, गोरखाराम प्रजापत के हाथो से ईंट रखी गई। प्रथम ईंट वाल्मीकि, मेघवाल एवं भील समाज द्वारा रखी गई, जो गांव की सामाजिक समरसता का प्रतीक है।